दिनांक 13.09.2019

स्वच्छ भारत अभियान स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

डेंगू नियंत्रण ,बचाव तथा उन्मूलन के लिए चला रहे है जन जागरूकता अभियान

भिलाईनगर/ आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी के निर्देश पर निगम क्षेत्र अंतर्गत डेंगू नियंत्रण ,उन्मूलन तथा बचाव के लिए लगातार अभियान जारी है! इसी कड़ी में निगम क्षेत्रान्तर्गत मौसमी एवं जलजनित बीमारियों (पीलिया, उल्टी-दस्त) वेक्टर जनित रोग (डेंगू/मलेरिया) के रोकथाम एवं बचाव के लिए नगर निगम भिलाई और शहरी परिवार कल्याण केंद्र सुपेला की संयुक्त टीम ने सघन अभियान चलाकर मच्छरों के लार्वा मिलने की आशंका वाले घरो में टेमीफास का वितरण किया गया। आज की कार्यवाही में निगम की टीम ने वार्ड 36 गौतम नगर महिला सुलभ के पास चलित एम्बुलेंस के माध्यम से स्वास्थ्य शिविर नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्रांतर्गत मौसमी बीमारियों से बचाव एवं रोकथाम हेतु चलित एम्बुलेंस द्वारा वार्ड 36 गौतम नगर महिला सुलभ के पास में विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य शिविर में सामान्य बुखार की जांच, ओआरएस पैकेट का वितरण किया गया। निगम की टीम ने गृह भेंट के दौरान घर व आस पास में जमा पानी तथा बंद पड़े कूलर और कन्टेनर में टेमीफास का उपयोग कर खाली कराकर आम जन को साफ सफाई रखते हुए बीमारियों से बचाव की जानकारी दी गई।

नगर निगम व स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीम द्वारा शिविर में 53 मरीजों का पंजीयन किया गया। इस दौरान खून जांच हेतु 12 मरीजों की रक्तपटिका तैयार की गई। डेंगू/मलेरिया एवं पीलिया से बचाव संबंधी पाम्पलेट का वितरण किया गया। 89 घरों भेंट कर टेमीफास के घोल का छिड़काव किए, 53 घरों में कूलर की सफाई कराई गई। 59 घरों में पानी टंकी की जांच , नालियों के जमाव पानी एवं गन्दे स्थानों पर. स्प्रेयर पंप द्वारा मैलाथियान छिड़काव किया गया। क्षेत्र भ्रमण के दौरान मौसमी जल जनित बीमारियों के बचाव एवं रोकथाम संबंधी आवश्यक स्वास्थ्य जानकारी भी दिया गया।

जनसम्पर्क अधिकारी